हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 18 नवंबर 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO.7:LEFT BOTTOM

द्रोण अकादमी ने गुलमोहर को हराया

बरेली। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में द्रोण अकादमी ने गुलमोहर क्रिकेट अकादमी को हरा दिया। गुलमोहर ने 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 165 रन बनाए। उत्कर्ष ने 46 और शिवांश ने 27 रनों की पारी खेली। द्रोण के लिए विशाल मिश्रा ने तीन जबकि आयुष सिंह और अभिषेक मिश्रा ने दो-दो विकेट लिए। द्रोण अकादमी ने 28.3 ओवर में पांच विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। आयुष ने नाबाद 38 और आदर्श ने नाबाद 28 रनों की पारी खेली।

PAGE NO. 4: BOTTOM

स्वच्छ भारत टूर्नामेंट का सेमीफाइनल हुआ

आंवला के स्वच्छ भारत टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में जीते खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

खेल-खिलाड़ी

आंवला | **हिन्दुस्तान संवाद**

रविवार को नगर श्री सुभाष इण्टर कालेज मैदान में चल रहे स्वच्छ भारत टूर्नामेंट में सेमीफाइनल मैच खेला गया। एमएसडी बरेली और एसआरएमएस बरेली के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। एमएसडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229 रन बनाये।

वहीं एसआरएमएस की टीम 34 ओवर में ऑल आउट हो गई और मैच एमएसडी बरेली ने जीत लिया। मैन आफ द मैच संदीप कुमार रहे। सैकड़ों दर्शकों ने मैच का आनंद लिया।